हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

अष्टमी पर हुई महागौरी की पूजा-अर्चना 12



## खबर संक्षेप

### जिले के कुल 21135 हितग्राहियों को मिले 211.35 लाख रूपए की राशि

**जांजगीर-चांपा।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत जिले के 21135 पात्र परिवारों को 211.35 लाख रूपए अंतरित किया गया। जिसमें तहसील अकलतरा के 3783 हितग्राही को 37.83 लाख रूपए, चांपा के 1535 हितग्राही को 15.35 लाख रूपए, जांजगीर के 3655 हितग्राही को 36.55 लाख रूपए, नवागढ़ के 1585 हितग्राही को 15.85 लाख, पामगढ़ के 5925 हितग्राही 59.25 लाख रूपए, बम्हनीडीह के 745 हितग्राही को 7.45 लाख रूपए, बलौदा के 928 हितग्राहियों को 9.28 लाख रूपए, शिवरीनारायण के 1914 हितग्राहियों को 19.14 लाख रूपए एवं सारागांव 1065 हितग्राहियों को 10.65 लाख रूपए उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित किये गये।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारी, सचिव सहित कर्मचारी होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में प्रशासनिक कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करने वाले पटवारी, सचिव सहित कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह पहल उन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की जा रही है, जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समयबद्धता के साथ किया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि पटवारी, सचिव सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, गिरदावरी और मतदाता जागरूकता, पेंशन योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सराहनीय योगदान दिया गया है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आज तक

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति, पंजीयन एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के स्वीकृति, पंजीयन एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।

### कौसल्या जन्मोत्सव पर कोसला में कार्यक्रम आज

**जांजगीर-चांपा।** कोसला धाम स्थित माता कौसल्या जन्मभूमि मंदिर में चैत्र शुक्ल नवमी 27 मार्च को माता कौसल्या, राजा दशरथ एवं प्रभु श्रीराम के संयुक्त जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि तीनों का जन्म एक ही तिथि व नक्षत्र में माना जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः से ही रामायण पाठ, व्याख्यान, भजन-कीर्तन, महाआरती एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। रात्रि में प्रसादी वितरण एवं रामायण फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। साथ ही नवरात्रि पर्व के तहत विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान एवं ज्योति प्रज्वलन भी किया जा रहा है।

### बिर्रा में मिनी स्टेडियम की मिली स्वीकृति

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में मिनी स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति मिलने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। बिर्रा सहित पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि लंबे समय से प्रतीक्षित मिनी स्टेडियम की स्वीकृति आखिरकार प्रदान की गई है। मिनी स्टेडियम की मांग जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू द्वारा दिसंबर माह में की गई थी। इसके बाद इसकी स्वीकृति मिली है।

---

लंबे समय से बनी समस्या फिर भी जिम्मेदार नही दे रहे ध्यान

# अपनी ही जमा राशि पाने के लिए जिला सहकारी बैंक का किसान लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला सहकारी बैंक में राशि पाने लगी किसानों की भीड़।

जिला सहकारी बैंक जांजगीर मे अपनी ही जमा राशि पाने को लेकर किसान कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस तरह की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। फिर भी किसानों की समस्या को लेकर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण किसानों को कई तरह की परेशानी उठानी पड रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के सबसे बडे जिला सहकारी बैंको में से एक जांजगीर में अपनी ही जमा राशि निकालने को लेकर किसान इन दिनों कडी मशक्कत करते देखे जा रहे हैं। किसानो की सुविधाओ को ध्यान में रखकर अलग अलग दिनो के हिसाब से राशि आहरण को लेकर व्यवस्था बनाई गई है, ताकि किसानो को राशि निकालने को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। वही दुसरी ओर किसान सुबह से शाम तक कतार में लगने के बाद भी पैसे नही निकाल पाते एवं कई बार तो मायूस होकर अपने घर लौट जाते है। जिला सहकारी बैक जांजगीर मे करीब 23 हजार से भी अधिक खाता धारको की संख्या है। इनमे बडे पैमाने पर किसानो के द्वारा सहकारी बैंक में खाता खोला गया है। किसानों ने बड़े पैमाने पर धान बेचा है। समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान की राशि बैंक खाते में जमा हुई है। अब इस राशि को पाने के लिए किसान पसीना बहा रहे है। अपनी ही जमा राशि पाने किसान बैंको का चक्कर काटते भी नजर आ रहे है। अलग अलग दिनो के हिसाब से सोम, मंगल,बुध, गुरू एवं शुक्रवार के साथ साथ सप्ताह में दो दिन शनिवार को राशि आहरण को लेकर व्यवस्था तो बना ली गई है। लेकिन इन सबके बावजूद किसानो को समय पर राशि भुगतान नही हो पाने के चलते कई तरह की दिक्कतो का सामना भी करना पडता है। जिला सहकारी बैंक जांजगीर अंतर्गत करीब 50 से अधिक गांवो के किसान आते है। वही 23 हजार से खाताधारक है, लेकिन जिम्मेदार बैंक प्रबंधन को किसानो की इस समस्या से किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है। जिसके कारण किसानो को परेशानी उठानी पडती है। किसानो को जिला सहकारी बैंको में अपनी जमा राशि निकालने को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इस बात को ध्यान मे रखकर किसानो के लिए एटीएम कार्ड बनाए गऐ है। लेकिन अभी भी अधिकांश किसानो के पास एटीएम कार्ड की सुविधा नही है। जिसके कारण किसानों को परेशानी होती है।

#### बनाई गई व्यवस्था

किसानो को राशि आहरण एवं जमा करने को लेकर किसी तरह की परेशानी ना हो इस बात को ध्यान में रखकर अलग अलग दिनो में राशि लेने को लेकर व्यवस्था बनाई गई है। वही किसानो के लिए एटीएम कार्ड भी जारी किए गए है।

**-रेशमलाल तिवारी,**
शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

---

# मौसम का असर सेहत पर, जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

## इलाज के पूर्व पंजीयन कराने लग रही लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला अस्पताल के बाहर दवा लेने के लिए लगी मरीजों की लाइन।

बढती गर्मी के साथ साथ लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। बुखार, मलेरिया, टायफाइड और दस्त जैसी बीमारियों की शिकायत बढ़ी हैं। इसका नतीजा यह है कि जिला अस्पताल बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल में रोजाना मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इधर इलाज के पूर्व मरीज एवं उनके परिजन पंजीयन को लेकर लाइन में खड़े नजर आ रहे है।

गौरतलब है कि मार्च महीना समाप्ति की ओर है। वहीं गर्मी भी अब तेज होने लगी है। वही इसका असर लोगो के स्वास्थय पर पड रहा है। मौसम परिवर्तन के चलते लोग सर्दी, बुखार, मलेरिया, टायफाइड ,दस्त सहीत अन्य बीमारियो से लोग परेशान हो रहे है। वही अपना उपचार कराने को लेकर जिला अस्पताल पहुंच रहे है।जिसके चलते सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मरीजो की भारी भीड देखी जा रही है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल मे सबसे बडी समस्या उपचार कराने के पूर्व ओपीडी में पंजीयन को लेकर बनी रहती है। इलाज कराने के पूर्व आलनाइन पंजीयन को लेकर ही काफी समय बीत जाता है। जब उपचार कराने की बारी आती है। इस दौरान चिकित्सक लंच करने के लिए चले जाते है। इस बीच उपचार कराने को लेकर ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंचते है। बैरिष्टर ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में औसतन रोजाना 300 से 400 लोग उपचार कराने को लेकर पहुंचते है। साथ ही साथ जब मौसम में अचानक परिवर्तन आता है, तो इस दौरान आनलाइन पंजीयन का यह आंकडा 300 सौ से 400 सौ तक भी पहुंच जाता है। जांजगीर चाम्पा जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में ना केवल जांजगीर जिले ब्लकि पडोसी जिले सक्ती के मालखरौदा, जैजैपुर, सक्ती के लोग भी यहां ब्यवस्था के आधार पर उपचार कराने पहुंचते है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया से प्रभावित मरीजो का उपचार तो किया जाता है। लेकिन ऐसे मरीज जो कैंसर, किडनी समस्या, टीबी, एडस, लीवर समस्या सहीत अन्य गंभीर बीमार मरीजो का भी समुचित उपचार किया जाना है। लेकिन ऐसे मरीजो का उपचार नही हो पाता। जिसके कारण मरीजो को उपचार के लिए यहां से करीब 60 किलोमीटर दुर बिलासपुर शहर रेफर करना पडता है।

#### दिए है निर्देश

बढ़ती गर्मी के साथ ही इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड रहा है। इसे लेकर उपचार कराने पहुंचे मरीजों के बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही जरूरत के हिसाब से मरीजों की परिस्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर करते है।

**-एस.एस. कुजुर,**
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल जांजगीर

---

# माइनर नहर टूटने से आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी



करनौद स्थित नहर टूटने से बने गड्ढे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

■ मरम्मत कार्य नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

बम्हनीडीह ब्लॉक के करनौद माईनर क्षेत्र में लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। करनौद की माइनर नहर अचानक टूट जाने से बंसुला मार्ग पर पानी फैल गया है, जिससे राहगीरों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।

स्थिति इतनी खराब है कि बाइक सवार, पैदल यात्री और छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर की हालत पहले से जर्जर थी, लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। नतीजा यह हुआ कि अब नहर टूटने से सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है। ग्रामीणों में आक्रोश है और वे इसे प्रशासन की घोर लापरवाही बता रहे हैं।सबसे हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही नहर की मरम्मत और सड़क से पानी निकासी का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। करनौद माईनर नहर कि मुरुम सड़क अत्यंत व्यस्त मार्ग है। यहां रोज सैकड़ों की संख्या में राहगीर बंसुला, ब्लॉक मुख्यालय जैजैपुर आवाजाही करते हैं। वही अब नहर टूटने से राहगीरों को नक्टीडीह, तालदेवरी, सेमरिया होते हुए बंसुला, जैजैपुर जाना पड़ रहा है जिससे उन्हें अतिरिक्त 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है।

### सड़कों के डार्क एंड ब्लैक स्पॉट वाले चिन्हांकित स्थानों में चलेगा सुधार कार्य

**जांजगीर-चांपा।** जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खनिजों के अवैध गतिविधियों में संलिप्त वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही इन स्थानों पर संकेतक, लाइटिंग, स्पीड ब्रेकर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### रामनवमी की झांकी...



**जांजगीर-चांपा।** रामनवमी पर जिला मुख्यालय जांजगीर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान रथ पर भगवान श्रीराम की झांकी सजाई गई थी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### अग्निवीर भर्ती : निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन 1 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल निर्धारित है। निर्धारित समयसीमा में आवेदन करने वाले युवाओं को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। लिखित परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक युवा अपना पंजीयन विभाग की वेबसाईट के मुख्य पृष्ठ पर प्रदर्शित अग्निवीर भर्ती 2026 हेतु लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन'' में जाकर अपना पंजीयन स्वयं कर सकते है।

---

# पुलिस विभाग में फेरबदलः 106 अधिकारी-कर्मचारी हुए इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कानून व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग ने 106 अधिकारी कर्मचारियों को इधर से उधर किया है। करीब 3 सालों से एक ही जगह पर पदस्थ कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ज्ञात हो कि जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के तहत 106 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का तबादला किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, ऐसे पुलिसकर्मी जो लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत थे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्थानांतरित किया गया है। करीब तीन वर्षों से एक ही जगह पदस्थ कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता लाई जा सके। पुलिस विभाग का मानना है कि इस तरह के समय-समय पर किए जाने वाले तबादले से कानून व्यवस्था में कसावट आएगी। साथ ही कई पेंडिंग मामलों को सुलझाने में सफलता मिलती है। जांजगीर-चांपा पुलिस का यह कदम जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। आपातकालीन स्थितियों में तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिले की रिस्पॉन्स टीम में भी बदलाव किया गया है। इससे आम जनता को बेहतर और तेज़ पुलिस सेवा मिलने की उम्मीद है।

#### महिला थाना को मिली नई टीम

जिले के नवीन महिला थाना में 11 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। इस थाना की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक सिलमानी टोप्पो को सौंपी गई है, जो थाना प्रभारी के रूप में कार्य करेंगी। खास बात यह है कि महिला थाना का शुभारंभ 31 मार्च को आईजी बिलासपुर द्वारा किया जाएगा, जिससे महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे में मदद मिलेगी। आपातकालीन स्थितियों में तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिले की रिस्पॉन्स टीम में भी बदलाव किया गया है।

---

कार्रवाई नहीं होने से खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद

# बम्हनीडीह क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर ईंट-भट्ठों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



अवैध रूप से संचालित ईंट भटठा।

बम्हनीडीह क्षेत्र के 3 गांवों में नियमों की अनदेखी कर अवैध रूप से 3 दर्जन से अधिक ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण ना केवल आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि इससे आसपास का क्षेत्र भी प्रदूषित हो रहा है।

गौरतलब है कि क्षेत्र के कनकपुर, परसापाली और कपिस्दा क्षेत्र में इन दिनों नियम-कानूनों को ताक पर रखकर अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार फल-फूल रहा है। आलम यह है कि इन तीन गांवों और इनके आसपास के इलाकों में तीन दर्जन से भी ज्यादा ईंट भट्ठे बिना किसी वैधानिक अनुमति के संचालित हो रहे हैं। इस अवैध कारोबार से न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया है, बल्कि आम जनजीवन को भी नारकीय बना दिया है। ईंटों को पकाने के लिए जलाए जा रहे कोयले और लकड़ी से निकलने वाला जहरीला धुआं और धूल अब लोगों के फेफड़ों में जहर घोल रहा है, जिससे क्षेत्र में श्वास संबंधी बीमारियों और सिलिकोसिस का खतरा तेजी से बढ़ गया है। बिना किसी डर के सरकारी जमीन को खोदकर मिट्टी निकाली जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज अधिकारी और संबंधित अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। बिना पंचायत के प्रस्ताव और बिना पर्यावरण मंडल की अनुमति के चल रहे ये भट्ठे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। क्षेत्र की सड़कों की हालत और भी बदतर हो चुकी है।

#### की जाएगी कार्रवाई

सूची बना कर खनिज विभाग को भेजा गया है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**-पवन कोसमा,**
एसडीएम, चांपा

#### भेजी जाएगी टीम

जल्दी कार्यवाही करने टीम भेजा जाएगा। सभी ईट भट्ठा माफियाओं पर कार्रवाई की जाएगी।

**-रश्मि श्रीवास्तव ,**
क्षेत्रीय अधिकारी
पर्यावरण बिलासपुर

---

# तेज रफ्तार हाइवा ने दर्जन भर गौवंशों को कुचला, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने गौवंशों को कुचला दिया। इससे 12 मवेशियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवा वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। साथ ही पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया गया। हादसा मुलमुला थाना क्षेत्र के रेमंड मोड़ चौक के पास हुआ।

अकलतरा एसडीओपी ने बताया कि बुधवार 25 मार्च की रात करीब 8 बजे तिराहा के पास झुंड में गौवंश बैठे हुए थे। इस बीच मुलमुला चौक तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार हाईवा चालक ने सभी गौवंशों को कुचलते हुए रेमंड सीमेंट की ओर भागने लगा, जहां एक गाय हाईवा वाहन के नीचे फंसा था। इससे वाहन रुक गया, तभी एक व्यक्ति दौड़ते हुए हाईवा वाहन के पास गया, जिसमें चालक बैठा हुआ था। वाहन चालक ने अधिक मात्रा में शराब पी रखी थी। मुलमुला पुलिस ने हाईवा चालक सोनसरी निवासी नरोत्तम यादव को हिरासत में ले लिया और वाहन को जब्त कर लिया है। वहीं मृत गौवंशों का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद उनके शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर बालको बजरंग दल निकालेगा शोभायात्रा

**कोरबा।** हनुमान जयंती के अवसर पर बालको बजरंग दल द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल दो अप्रैल को बालको राम मंदिर से हनुमान की भव्य शोभा यात्रा निकलेगी । यह भव्य शोभा यात्रा शहर के विभिन्न सेक्टरों से होती हुई गुजरेगी। शोभा यात्रा के दौरान भक्तों में अलग ही जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा शोभा यात्रा के दौरान बालको पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।

### जिले के 9516 छात्रों को दोबारा देनी होगी हिंदी की परीक्षा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के सचिव ने सोमवार को एक आदेश जारी किए हैं। जिसमें कहा है कि परीक्षा समिति की आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 14 मार्च को आयोजित हुई 12वीं हिन्दी विषय की परीक्षा निरस्त की जाती है। परीक्षा 10 अप्रैल को पुनः आयोजित की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के इस निर्णय से परीक्षा दे चुके छात्रों की परेशानी बढ़ गई है। अब उन्हें इस परीक्षा के लिए दोबारा मेहनत करनी होगी। इस परीक्षा में कोरबा जिले से 9516 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनके साथ ही प्रदेश भर से पंजीकृत परीक्षार्थियों को हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए नए सिरे से तैयारी करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। मंडल के सचिव ने परीक्षा को निरस्त किए जाने का कारण प्रश्न पत्र को लीक होना बताया है। सचिव का कहना है कि 14 मार्च को आयोजित परीक्षा के बाद 15 व 16 मार्च को उक्त विषय के सेट बी के प्रश्न पत्र लीक होने का दावा सोशल मीडिया में किया था। इसकी जांच के लिए साइबर थाने में लिखित शिकायत करते हुए सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

### सरपंच की पहल पर भलपहरी में पहुंचा पानी टैंकर, ग्रामीणों को राहत



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी में पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी द्वारा क्षेत्रीय कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल के समक्ष समस्या रखी गई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए ग्रामवासियों के लिए पानी का टैंकर उपलब्ध कराया गया। इस पहल से गांव के लोगों को पीने के पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी, उप सरपंच प्रहलाद राठौर पंच हेमंत मरावी, शिवरतन राठौर, संतोष राठौर, महत्तरूराम खांडे, केसर कश्यप, रामनारायण राठौर, जीवन राठौर, भगऊ कश्यप, दीनू राठौर, श्यामन सिंह मरावी, भरत राठौर, बदन कश्यप, लक्ष्मण राठौर, डोम राठौर सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निधन

### चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी



**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत हथनेवरा निवासी चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी का 62 वर्ष की आयु में 26 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मार्च को नोनदरहा रामपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अशोक पुरी के पिता व संतोष पुरी, राजेंद्र पुरी, कृष्णा गोस्वामी के बड़े भाई थे।


**आम सूचना**

मैं शत्रुहन लाल बंजारे अधिवक्ता अपने पक्षकार विवेक कुमार अग्रवाल आ. राजेश कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम-शिवरीनारायण वार्ड नंबर-15 सेठी नगर तहसील-शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चाम्पा छ.ग. की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूं सर्वविदित हो कि श्रीमती अनुराधा तिवारी पति का नाम स्व. संजय तिवारी जाति- ब्राम्हण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 689/20 रकबा 0.0400 हे., खसरा नंबर 689/22 रकबा 0.0970 हे. एवं खसरा नंबर 689/23 रकबा 0. 0240 हे. (0.1610 हे./0.40 एकड़) ग्राम भोगहापारा राजस्व निरीक्षण मण्डल एवं तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चाम्पा छत्तीसगढ़ राज्य अवस्थित है जिसका विक्रय करने का पक्का सौदा करते हुए बतौर बयाना राशि अनुराधा तिवारी ने मेरे पक्षकार विवेक कुमार अग्रवाल से प्राप्त कर लिया है और इस संबंध में विक्रय करार दिनांक-04/09/2025 को मेरे पक्षकार के पक्ष में श्रीमती अनुराधा तिवारी ने निष्पादित किया है। विक्रय करार के अनुसार मेरा पक्षकार अतिशीघ्र विक्रय हेतु करारित उपरोक्त खसरा नंबर की भूमियों का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन सक्षम उप पंजीयक कार्यालय में करवाएगा।

अतः मैं सर्वसाधारण एवं खास, व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को आगाह करता हूं कि उपरोक्त दर्ज भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन में किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय सिविल कोर्ट परिसर नवागढ अथवा मेरे निवास स्थल ग्राम-पचरी तहसील-शिवरीनारायण में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के जरिए प्रस्तुत कर सकते है, 15 (पन्द्रह) दिवस के पश्चात् पेश दावा आपत्ति मान्य नही होगा और उक्त विक्रय पत्र के निष्पादन एवं पंजीयन के उपरांत होने वाली किसी भी प्रकार के नुकसान की जवाबदारी मेरे पक्षकार की नही होगी। इस सूचना के जरिए यह भी आगाह किया जाता है कि उपरोक्त करारित सम्पत्ति का मेरा पक्षकार अग्र क्रेता का अधिकारी है और उपरोक्त करारित भूमियों के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्थान के द्वारा कोई संविदा निष्पादित किया जावेगा तो वह विधि अनुसार नाजायज होगा और उन्हें कोई लाभ प्राप्त नही होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांकः 26/03/2026

भवदीय
(शत्रुहन लाल बंजारे, अधिवक्ता)
सिविल कोर्ट नवागढ
जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
मो.नं.: 7241127157


# घर बैठे मिल रही परिवहन सेवा, तुंहर सरकार तुंहर द्वार योजना से आसान हुई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ शासन की तुंहर सरकार तुंहर द्वार योजना के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा दी जा रही घर पहुँच सेवाओं ने नागरिकों के जीवन को सुगम और सरल बना दिया है। प्रदेश सरकार की इस मंशा को आगे बढ़ाते हुए परिवहन विभाग द्वारा कुशल और समयबद्ध तरीके से स्मार्ट कार्ड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) सीधे आवेदकों के घर के पते पर पहुँचाए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

इस योजना के क्रियान्वयन से परिवहन प्रणाली में न केवल सुधार हुआ है, बल्कि नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। वाहन स्वामियों को अब आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त हो रहे हैं। शासन का यह कदम सुरक्षित और सीमित गति से वाहन चलाने के साथ-साथ पर्यावरण नियमों के अनुपालन के प्रति भी नागरिकों को प्रोत्साहित कर रहा है। सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने और यातायात संकेतों के पालन को अनिवार्य बनाने की दिशा में यह सेवा एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुई है। परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने बताया कि जिले में इस योजना के सफल संचालन के परिणाम आंकड़ों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 52,076 दस्तावेजों का वितरण किया गया था, जिसमें 27,253 पंजीकरण प्रमाणपत्र और 24,823 ड्राइविंग लाइसेंस शामिल थे। वहीं, आगामी वर्ष 2025-26 में सेवाओं की गति में और अधिक वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष अब तक कुल 58,850 दस्तावेज वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें 32,530 पंजीकरण प्रमाणपत्र और 26,320 ड्राइविंग लाइसेंस शामिल हैं। जिला परिवहन अधिकारी कोरबा के मार्गदर्शन में बढ़ते हुए ये आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि यह योजना जनता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है और परिवहन सेवाओं तक पहुँच को अधिक सुगम बना रही है।

**वर्ष 2025-26 में 26 हजार 320 बने लायसेंस**

**खास बातें**
- सीधे आवेदकों के घर के पते पर पहुंच रहे ड्रायविंग लाइसेंस
- कार्यालय का नहीं लगाना पड़ता है चक्कर



## जिले में 88 छोटे बड़े पोल्ट्री फार्म हैं संचालित

# बर्ड फ्लू अलर्ट : पोल्ट्री फार्म से लेकर दुकानों तक पहुंचेंगी पशु चिकित्सकों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संभागीय मुख्यालय बिलासपुर में फैले बर्ड फ़्लू के मद्देनजर जिले में भी पशु चिकित्सा विभाग ने एहतियातन के तौर पर टीम का गठन कर दिया है। पशु चिकित्सकों के नेतृत्व में बनी टीम पोल्ट्री फार्म से लेकर दुकानों तक पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए स्थल निरीक्षण के साथ बचाव के लिए आवश्यक दवाईयों का भी वितरण करेंगी।

बर्ड फ्लू को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग ने अपने स्तर पर तैयारियां शुरु कर दी है। इसके लिए विभागीय स्तर पर सभी ब्लॉक मुख्यालय से लेकर जिले में चल रहे विभाग के 13 अस्पतालों और मैदानी अमले को निर्देश जारी करते हुए सतर्कता बरतने के लिए पत्र जारी किया है। इसके तहत रिवाइस एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन कंट्रोल एण्ड कंटेनमेंट ऑफ एवियन इंफ्लुऐंजा 2021 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इसके लिए सभी विकासखंड स्तर पर निगरानी टीम बनाई जा रही है। जो आबादी क्षेत्रों के साथ बाजार में जाकर जंगली पक्षियों द्वारा निर्मित घोसले के साथ बत्तख आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे पोल्ट्री फार्म के निगरानी पशु चिकित्सकों के द्वारा की जाएगी। शहरी क्षेत्रों में भी गठित टीम के द्वारा आबादी क्षेत्र में चल रहे पोल्ट्री फार्म को संवेदनशील मानते हुए टीम के द्वारा इन क्षेत्रों में जाकर गहन जांच पड़ताल की जाएगी। इसके अलावा शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में चिकन दुकानों का भी परीक्षण किया जाएगा। पशु चिकित्सा विभाग ने शहर में चलने वाले पोल्ट्री फार्म और दुकानों में पहुंचने का काम शुरु कर दिया है।

**खास बात**
- पशु संगणना में 4 लाख 88 हजार है मुर्गी



फाइल फोटो

**कबूतर पालने वालों पर फोकस**

पोल्ट्री फार्म के अलावा रिहायशी इलाकों में कबूतर पालने वालों को भी आगाह किया है कि उनके क्षेत्रों में अगर कबूतर की मौत किसी भी कारणवश होती है तो इसकी सूचना तत्काल विभाग को दी जाए। साथ ही कबूतर रखे जाने वाले स्थान में साफ सफाई के साथ पानी पीने वाले कोटना को भी बदलकर उनकी जगह नए कोटना रखे जाएं।

**जिले में नहीं है शिकायत**

अभी तक जिले में कहीं से भी बर्ड फ्लू फैलने की या फिर किसी भी प्रकार के पक्षियों के ज्यादा तादात में मौत होने की शिकायतें या मामले सामने नही आए हैं लेकिन फिर भी विभाग बीमारी को लेकर अलर्ट है। पशु चिकित्सकों की टीम पोल्ट्री फार्म और इससे संबंधित दुकानों में जाकर जांच पड़ताल करेगी।

-एस एन मिश्रा
उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

**प्रवासी पक्षियों का फॉरेस्ट को मिला निर्देश**

जिले में जिन स्थानो पर प्रवासी पक्षियों की आवाजाही बनी रहती है उन स्थानों पर विशेष निगरानी के लिए वन विभाग को अलर्ट किया गया है जिसके मैदानी अमले के द्वारा प्रवासी पक्षियों के स्थल को चिन्हांकित कर उन क्षेत्रों में किसी भी प्रवासी पक्षी के अधिक तादात में मौत होने को लेकर या असमायिक मौत होती है तो इसकी सूचना पशु चिकित्सा विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं। रिहायशी इलाकों में पक्षी प्रेमियों से भी विभाग ने अपील की है कि उनके क्षेत्रों में आने वाले पक्षियों की अगर मौत होती है तो इसे गंभीरता से लें।

# गिट्टी खाली करते समय पलटा ट्रेलर, एक की मौत



पलटा हुआ ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज साइट पर बुधवार दोपहर को बड़ा हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार गिट्टी से भरा ट्रेलर खाली करते समय उसका हाइड्रोलिक जैक टूट गया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया बगल में खड़े दूसरे ट्रेलर का चालक उसकी जद में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 निवासी उमरसंस पिता नूर आलम 32 वर्ष अपनी ट्रेलर वाहन लेकर रोज की तरह रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत भुलसीडीह मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन साइड पर पहुंचा था जहां गिट्टी लेकर पहुंचे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीपी 4135 के चालक ने छोटे से जगह में गिट्टी को खाली करने का कोशिश कर रहा था। इस दौरान ट्रेलर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रेलर पलट गई वहीं पास में खड़े दूसरी ट्रेलर का स्टेपनी बदल रहा उमर संस उक्त वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय मजदूरों का आक्रोश फूट पड़ा था। घटना की सूचना मिलने पर रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खुंटे दल बल सहित मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में पुलिस ने लापरवाही ट्रेलर चालक व साइड इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अधीक्षण यंत्री के निलंबन के बाद तत्काल बहाली, दो माह में होने वाले हैं सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में विद्युत वितरण विभाग में पदस्थ अधीक्षण यंत्री व डीई को कार्य में लापरवाही बरते जाने पर निलंबित किया गया था।

**खास बात**
- एमडी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर किया था निलंबन

निलंबन के चंद दिनों बाद ही अधीक्षण यंत्री को पुनः बहाल कर दिया गया है और उनकी पदस्थापना रायपुर ऑफिस में की गई है। अधीक्षण यंत्री सेवानिवृत्त होने में महज दो महीना ही शेष है। संभवतः इसी के चलते उन्हें बहाल किया गया है।

ज्ञात रहे कि 10 मार्च को प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर जिले के प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्र लेमरु व देवपहरी का दौरा किया था और गौमुखी सेवा आश्रम में 200 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने के निर्देश दिए, ताकि बिजली और पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके लेकिन जिले के अधीक्षण यंत्री बीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने ने प्रस्ताव बनाकर ट्रांसफार्मर लगाने का फरमान सुनाया था लेकिन प्रस्ताव बनाने में विलंब किया गया जिसे लेकर प्रबंध संचालक भीम सिंह ने अधीक्षण यंत्री बीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। मीडिया में यह खबर प्रकाशित होने के बाद ही अब जिले के अधीक्षण यंत्री को पुनः बहाल कर दिया गया है और रायपुर पोस्टिंग की गई है। सूत्र बताते हैं कि बीके सरकार की सेवानिवृत्त होने में महज दो महीना ही शेष है सभवतः इसी के चलते उन्हें बहाल किया गया है। जबकि अब तक जिले में अधीक्षण यंत्री की पोस्टिंग नहीं हो पायी है।

**निहारिका सब स्टेशन को एमडी ने किया चार्ज**



विद्युत वितरण विभाग अपने उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि निहारिका क्षेत्र के आसपास बसने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति करने पर ओवरलोड की समस्या उत्पन्न होती थी। लगातार ओवरलोड की समस्या को देखते हुए विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने निहारिका क्षेत्र में एक अन्य सब स्टेशन निर्माण का प्रस्ताव वरिष्ठ अफसरों को भेजा था। जहां मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद सुभाष चौक के समीप सीएसईबी कॉलोनी में 33 गुणा 11 केवी का लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सब स्टेशन का निर्माण किया गया है। बुधवार को विद्युत वितरण विभाग के प्रबंध संचालक भीम सिंह अपने कोरबा प्रवास पर पहुंचे थे जहां उन्होंने निहारिका सब स्टेशन पहुंचकर पावर ट्रांसफार्मर को चार्ज किया है। अब इस सब स्टेशन के चार्ज हो जाने केबाद निहारिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजेंद्र प्रसाद नगर, साडा कॉलोनी, शिवाजी नगर, आरएसएस नगर, एमपी नगर, घंटाघर व सीएसईबी कॉलोनी के लगभग 5 हजार उपभोक्ताओं को इस सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इस दौरान प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी मंजुला भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक बिलासपुर एके अंबष्ट, अधीक्षण अभियंता कोरबा पीआर साहू, अधीक्षण अभियंता प्रोजेक्ट श्री तिवारी, कार्यपालन अभियंता एचएस राठौर एवं आरएल वर्मा, पाड़ीमार जोन के एई श्री जोशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रविशंकर से दादर कलवर्ट तक सड़क डामरीकरण कार्य के लिए एक करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से पंडित रविशंकर शुक्ल नगर से दादर नाला कलवर्ट हनुमान मंदिर के पास तक सड़क डामरीकरण कार्य हेतु 99.78 लाख की स्वीकृति मिली है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों से लेकर आंतरिक मार्गों के डामरीकरण हेतु लगातार स्वीकृति प्राप्त हो रही है। दादर मार्ग के डामरीकरण से आरएसएसनगर, दादर खुर्द, मानिकपुर, खरमोरा सहित अन्य क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

मंत्री श्री देवांगन द्वारा नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड को समृद्ध बनाने एवं सभी प्रमुख मार्गों से लेकर वार्डों को जोड़ने वाले सड़कों के डामरीकरण के लिए किए जा रहे सशक्त प्रयासों से सफलताए मिल रही है। हाल ही में कोरबा नगर क्षेत्र के चार प्रमुख सड़कों के डामरीकरण के लिए करीब 6 करोड़ की स्वीकृति राज्य शासन से प्राप्त हुई थी। इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए राशि विभिन्न मदों से कोरबा को प्राप्त हो रही है। पिछले ही महीने मंत्री श्री देवांगन ने एसईसीएल प्रबंधन को पं रवि शंकर शुक्ल नगर के श्री मेडिको से दादरखुर्द नाला कलवर्ट हनुमान मंदिर के पास तक के सड़क डामरीकरण कार्य हेतु पत्र लिख कर एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल स्वीकृति हेतु कहा था। एसईसीएल प्रबंधन ने बुधवार को इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु 99.78 लाख की स्वीकृति पत्र जारी किया। स्वीकृति मिलने पर मंत्री देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी का आभार जताया है।

**खास बात**
- एसईसीएल के सीएसआर मद से होगा राशि का आबंटन

# स्काउट गाइड के राज्य प्रशिक्षण केन्द्र होंगे विकसित

**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में मेंबरशिप ग्रोथ पर फोकस करते हुए राज्य प्रशिक्षण केन्द्रों को विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में विशेष रूप से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा उपस्थित हुईं। राज्य कार्यकारिणी द्वारा राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर उनका सम्मान किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा की अध्यक्षता में आयोजित हुई राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में 2026- 27 के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया। वार्षिक युवा एवं एडल्ट कार्यक्रम पर चर्चा और सुझाव लेते हुए इसका भी अनुमोदन किया गया। बेसिक कमिश्नर्स कोर्स, राज्य पुरस्कार रैली एवं अलंकरण समारोह, रोवर रेंजर समागम सहित एजेंडा के अन्य विषयों पर चर्चा की गई एवं इसे पारित किया गया। राज्य मुख्यालय के कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी का विषय भी राज्य कार्यकारिणी में लाया गया। अभनपुर एवं झीपम स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई।

# उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन युवाओं को स्वरोजगार हेतु किया प्रोत्साहित

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा द्वारा स्थानीय एक होटल में उद्यमिता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विशेष रूप से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में व्यापक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने उपस्थित युवाओं को बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से वे किस प्रकार अपना स्वयं का उद्योग या व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं तथा सरकार द्वारा उपलब्ध सब्सिडी एवं वित्तीय सहायता का लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं। पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत बैंक ऋण, सब्सिडी प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गई। वहीं पीएमएफएमई योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उपलब्ध सहायता, ब्रांडिंग, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग की रूपरेखा सरल एवं सहज भाषा में समझाई गई। शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम ने युवाओं में स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाई तथा उन्हें अपने व्यवसाय की संभावनाओं को मूर्त रूप देने हेतु प्रोत्साहित किया।



# हैवी ब्लास्टिंग से गिरा पीएचसी की छत का प्लास्टर

**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार के डिलीवरी वार्ड का छत का प्लास्टर भरभरा कर गिरा। यह घटना बुधवार की दोपहर एसईसीएल दीपका के हैवी ब्लास्टिंग से हुआ जहां पर वार्ड के नर्स, सिस्टर उपस्थित रहे जो की बाल-बाल बचे। इस संबंध में चिकित्सा विभाग के द्वारा बार-बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है कि हैवी ब्लास्टिंग के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य का भवन में रहना खतरे से खाली नहीं चारों तरफ खदानें आ गई है खदान से 30 मीटर के दायरे पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां लगातार हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है जो की किसी दिन भी बड़ा हादसा हो सकता है इसके बावजूद एसईसीएल दीपका खदान में हैवी ब्लास्टिंग करने को नहीं बंद किया जा रहा है आखिरकार बुधवार को दोपहर जब हैवी ब्लास्टिंग हुई तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डिलीवरी रूम का छत का छप्पर भर भरा कर गिर गया जहां नर्स सिस्टम उपस्थित रहे और बाल बाल बचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एसईसीएल दीपका खदान से लगभग 30 मीटर के दायरे पर है वही पानी के लिए मरीज एवं स्वास्थ्य कर्मचारी तरस रहे है यहां पूरी तरह बोर का पानी सूख चुका है।


जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोडों का दर्द
- नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग
- स्त्री रोग
- मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग
- मधुमेह (डायबिटीज़)
- नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग
- पेट संबंधी विकार
- थायराइड
- अस्थमा
- मोटापा
- मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


जय श्रीराम
जय श्रीराम
श्री रामनवमी महोत्सव 2026
(श्री राम जन्मोत्सव)
भव्य शोभायात्रा
दिनांक : 27.03.2026, शुक्रवार शाम 4 बजे से
श्री राम नवमी पर्व की समस्त
क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई...
कैलाश कसेर
संजय सोनी
पार्षद
कार्तिकेश्वर स्वर्णकार
प्रदेश संयोजक, भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ छ.ग.
प्रदीप नामदेव
अध्यक्ष, न.पा.प. चाम्पा
डॉ. संतोष अग्रवाल
नागेन्द्र गुप्ता
महामंत्री, जिलाकांग्रेस कमेटी
विनोद तिवारी
नवीन थावानी
डॉ. मयंक दुबे
डॉ. अतुल राठौर
अविनाश मुरारका
रामभक्त
डॉ. अजय थावाणी
प्रेमप्रकाश देवांगन
अमित अग्रवाल (भांचा)
Multi Cuisine Restaurant
PUNJAB HAVELI
बचपन
चिल्ड्रन
हॉस्पिटल
चाम्पा
शोभायात्रा मार्ग
रेलवे टेक्सी स्टैण्ड, बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, सदर बाजार, कदंब चौक से नगर भ्रमण करते हुए परशुराम चौक चाम्पा तक यहाँ हनुमान मंदिर में आतिशबाजी, महाआरती व प्रसाद वितरण
एक शुभचिंतक

## खबर संक्षेप

### शासकीय नवीन प्राथमिक शाला फुलवारी पारा में विदाई समारोह आयोजित




**बिर्रा।** संकुल केंद्र बिर्रा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला फुलवारी पारा बिर्रा में बुधवार 25 मार्च को कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को विदाई दिया गया। विदाई समारोह में सर्व प्रथम केक काटकर मुंह मीठा कराया गया। उसके बाद विद्यार्थियों को गुलदस्ता, पेन, काफी देकर सम्मानित किया गया है। विदाई समारोह में शासकीय नवीन प्राथमिक शाला फुलवारी पारा बिर्रा के प्रधान पाठक संतराम कश्यप, श्रीमती निहारिका साहू, भारती साहू, मुख्य अतिथि तुलेश्वर कुमार देवांगन केंद्राध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि श्री नोहर राम साहू उपस्थित थे । दोनों अतिथियों ने पढ़ाई एवं खेल के बारे में वहां पर उपस्थित बच्चों को विशेष मार्गदर्शन दिया।

### मोतीचंद्र महाराज के 22वीं पुण्यतिथि पर साई भजन एवं भंडारे का आयोजन आज

**सक्ती।** स्थानीय नारायण सागर रोड स्थित शनिदेव मंदिर के पास मोतीचंद्र महाराज (साई राम) के



समाधि स्थल पर उनकी 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार 27 मार्च, (रामनवमी) को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। श्री सत्य साई सेवा समिति सक्ती द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और सेवा कार्य संपन्न होंगे। आयोजन समिती के गोविंद यादव ने बताया कि समाधि दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ तड़के 4 बजे समाधि स्नान एवं पूजा पाठ की रस्म के साथ होगा। इसके पश्चात सुबह 5 बजे नगर संकीर्तन (प्रभात फेरी) निकाली जाएगी और 5:30 बजे महामंगल आरती होगी वही श्रद्धालुओं के लिए सुबह 11 बजे से श्री सत्य साई सेवा समितियों द्वारा विशेष 'साई भजन' की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत 11:30 बजे महाभोग लगाया जाएगा। दोपहर 12 बजे से भंडारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू होगा। अंत में शाम 7 बजे महामंगल आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### कामता में भक्तिमय माहौल में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का समापन



**खरौद।** ग्राम पंचायत कामता में हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का समापन बुधवार 25 मार्च को पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ का शुभारंभ 15 मार्च को भव्य कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ हुआ था। व्यास आचार्य पं. पुरंजन तिवारी के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा का रसपान किया। समापन दिवस पर हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान मानस गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रथम स्थान ममता मानस पार्टी कोरबा को 14000 एवं शील्ड, द्वितीय लक्ष्मी मानस पार्टी दादर (कोरबा) को 12000 एवं शील्ड, तृतीय केशव चंदा मानस पार्टी नकझर को 10000 एवं शील्ड, चतुर्थ बालाजी मानस पार्टी कटही को 8000 एवं शील्ड, पंचम रमेश मानस पार्टी पेंड्री को 7000 एवं शील्ड, षष्ठम विजय मानस पार्टी नेगुरडीह को 6000 एवं शील्ड, सप्तम सुनीता विश्वकर्मा उदयभाटा को 5000 एवं शील्ड, अष्टम नरेश मानस पार्टी नेगुरडीह को 4000 एवं शील्ड, नवम नीलकंठ यादव बावनगुड़ी को 3000 एवं शील्ड तथा दशम स्थान रामपाल मानस पार्टी अवरीद को 2100 एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं सांत्वना पुरस्कार के रूप में पुष्पा मानस पार्टी पामगढ़, रविंद्र पटेल मानस पार्टी करियातांड एवं प्रकाश मानस पार्टी लोहर्षि को भी पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शैल कुमार कश्यप, उपाध्यक्ष दिनेश कश्यप, सचिव संतोष कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष उत्तम कश्यप सहित समस्त ग्रामवासियों का योगदान रहा। महायज्ञ में यजमान के रूप में जयप्रकाश कश्यप - श्रीमती मंजूलता कश्यप एवं गोविन्द राम - योगिनी कश्यप ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

### नवरात्रि पर दूर्गा सप्तशती पाठ और कीर्तन-भजन का हो रहा आयोजन

**तनौद।** चैत्र वासंती नवरात्र पर्व में मां दुर्गा की महिमा का बखान हो रहा है। मां चंडी मंदिर कोड़ाभाट के



मुख्य आचार्य पं योगेश्वरानंद महराज ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा-से प्रारंभ नवरात्रि पर्व में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से देवी दूर्गा सप्तशती पाठ और पूजन के साथ भव्य आरती की जा रही है। इस बार मंदिर में 180 मनोकामना तेल ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे है। यज्ञाचार्य पं योगेश नंदू महराज है। बैगाओं द्वारा ज्योति कलश की देखभाल की जा रही है। मां चंडी मंदिर दरबार में राम भक्त हनुमान जी और शनिदेव की प्रतिमा विराजित की गई है। तालाब पार स्थित मंदिर में बड़ी संख्या में ग्रामीण भजन कीर्तन करते हुए आयोजन को सफल बनाने जुटे हुए हैं। आयोजन को सफल बनाने मां चंडी देवी विकास समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, बालाजी सिंह, राजेश सिंह,अरविंद सिंह,धीरेन्द्र सिंह, फिरन केवट, पुरुषोत्तम यादव,नवीन सिंह,मंझला श्रीवास और ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

*सुबह से देर रात तक देवी मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़, खीर-पुड़ी प्रसाद का लगा भोग*

# अष्टमी पर हुई महागौरी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। जिले के चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, मनका, महामाया सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये। कई जगहों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ।

19 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हुई है। वहीं गुरुवार 26 मार्च को अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही। घट स्थापना के साथ ही मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये है और पहले दिन से ही माता के दर्शन के साथ ज्योति कलश दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। जिले में प्रमुख रूप से चंद्रपुर की चंद्राहासिनी देवी, अड़भार की अष्टभुजी, खोखरा की मनकादाई, हरदी की महामाया महामाई, मदनपुरगढ़ की मनकामाई, डोंगरी में सरई श्रृंगारिणी, शिवरीनारायण की अन्नपूर्णा देवी, सक्ती की महामाया माई, कमरीद की समलाई मां, चांपा की समलेश्वरी मंदिर, सेमरा की महामाई दाई, शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद, नवागढ़, बलौदा, शिवरीनारायण, छपोरा, सिवनी नैला, बाराद्वार, अड़भार, तागा, बगड़बरी,



खोखरा स्थित मां मनकादाई मंदिर में दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार।

सलखन, भडेसर, सारागांव के देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये गये। भक्तों ने दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये, वहीं कई स्थानों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ। अष्टमी तिथि पर देवी मंदिरों में सुबह 4 बजे से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा, जिसमें महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गयी। इसी तरह हरदी के महामाया में भक्तों की भीड़ लगी रही। जनश्रुति के अवसर पर मां भवानी अपने वाहन शेर पर सवार हो मध्यरात्रि में अपने विग्रह में प्रवेश करती है। ग्राम महंत के चण्डी दाई मंदिर में रात्रि भर जसगीत का दौर चलता रहा। अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुरुप भक्तगण कुछ जमीन पर लोट मारते हुए तो कोई पदयात्रा करते हुए आते है। देवी मंदिरों में कहीं देवी भागवत रामायण के नवाह्न परायण, तो कहीं दुर्गा सप्तशती के सामूहिक परायण का विधान अपनाया गया, परन्तु जसगीत का आयोजन सभी मंदिरों में विशेष रुप से किया गया। महाअष्टमी पर जगह-जगह कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया।

### आदिशक्ति मां गादी दाई मंदिर में हवन, पूजन के साथ कन्या भोज



**राहौद।** नगर पंचायत राहौद स्थित आदिशक्ति माँ गादी दाई मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक चले नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ हवन, पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आगमन शुरू हो गया था। श्रद्धालु माता रानी के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना करते नजर आए। भक्ति गीतों और दुर्गा स्तुति से माहौल गूंज उठा। समापन दिवस पर पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन सम्पन्न कराया गया। हवन के पश्चात कन्या पूजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया एवं उपहार भेंट किए गए। कन्या भोज के दौरान श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों सहित मोहल्लेवासी एवं नगरवासी विशेष रूप से उपस्थिति रहे।



कम्प्यूटर पर चित्र बनाते बच्चे एवं उपस्थित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्कूल स्टाफ।

## पहली-दूसरी कक्षा के बच्चे सीख रहे कंप्यूटर पर चित्र बनाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा

■ बच्चों को नवोदय विद्यालय के लिए भी किया जा रहा तैयार

शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा जिले का पहला ऐसा शासकीय विद्यालय है, जहां कक्षा पहली दूसरी के बच्चे कंप्यूटर पर चित्र बनाना और हिंदी लेखन सीख रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक चंद्रशेखर देवांगन के प्रयासों से यहां बच्चों को न केवल तकनीकी शिक्षा दी जा रही है, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से नवोदय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंचने के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

इस वर्ष कक्षा पांचवीं के छात्र कमलकांत का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है, जबकि आंशी पटेल प्रतीक्षा सूची में प्रथम स्थान पर हैं। पिछले वर्ष भी यहां से एक छात्र यश यादव का चयन नवोदय विद्यालय मे हो चूका है। विद्यालय में पहली बार "शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन पहल युवा समूह के सहयोग से किया गया। यह समूह स्वयं शिक्षक चंद्रशेखर देवांगन द्वारा गठित है, जो शिक्षकों की कमी के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने का कार्य कर रहा है। विद्यालय की विशेषता यह भी है कि यहां बच्चे नियमित रूप से कंप्यूटर पर सीखने के साथ-साथ पुस्तकालय की पुस्तकों का अध्ययन करते हैं और अपने अनुभव प्रार्थना सभा में साझा करते हैं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत नवागढ़ के सभापति अखिलेश भीष्म, बीईओ अशोक पाटले, एबीईओ इंद्रमणि, शिक्षक अमित शुक्ला, प्रधान पाठक, शिक्षकगण एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। लगभग 150 से अधिक ग्रामीणों, महिलाओं, पुरुषों और छात्र-छात्राओं की सहभागिता इस कार्यक्रम में रही। कार्यक्रम के अंत में बीईओ अशोक पाटले ने इस मॉडल को पूरे विकासखंड में लागू करने की बात कही। सभापति ने वाटर फ्रीज व कमलकांत ने स्कूल में टाईल्स लगवाने की घोषणा की।

## पेंशनरों के लिए 3 प्रतिशत महंगाई राहत देने का आदेश शीघ्र प्रसारित करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र नामदेव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री टी पी सिंह और प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी महासमुंद ,बलौदा बाजार,सारंगढ़ बिलाई गढ़,रायगढ़ जिले के संगठनात्मक प्रवास के दौरान कुछ समय के लिए चांपा में रुके हुए थे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा के विधिवत गठन पर सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा होने पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने जिला शाखा जांजगीर चांपा के समस्त पेंशनरों को शुभकामनाएं प्रदान किया।

इस अवसर पर जिला शाखा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ,उपाध्यक्ष ए आर घृत लहरे, उत्तम कुमार देवांगन ने राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री टी पी सिंह,प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार गोल्हानी का कोसेय शाल भेंटकर सम्मानित किया। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के आगमन पर प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा,जनपद पंचायत बम्हनी डीह के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सराफ, नागेन्द्र गुप्ता, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला शाखा के अध्यक्ष रविन्द्र द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर वीरेन्द्र नामदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधान सभा चुनाव के पूर्व अपने चुनावी घोषणा पत्र में राज्य के अधिकारियों, कर्मचारियों,पेंशनरों, परिवार पेंशनरों को वादा किया था कि जब जब केन्द्र सरकार अपने अधिकारियों, कर्मचारियों, पेंशनरों को महंगाई भत्ता देगी ,उसी माह से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार भी अपने अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों को भी उसी माह से उसी दर पर महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देगी। परंतु राज्य सरकार अपने इस वादे से मुकर रही है। कर्मचारियों ,पेंशनरों को विलंब से महंगाई भत्ता,महंगाई राहत प्रदान किया जाता है। इससे कर्मचारियों ,पेंशनरों को एरियर्स राशि में घाटा हो रहा है। वर्तमान में राज्य के सवा लाख से अधिक पेंशनर एवम परिवार पेंशनरों का जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत लंबित है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार से यह मांग किया है कि शीघ्र ही राज्य के पेंशनरों के लिए 3 प्रतिशत महंगाई राहत का आदेश प्रसारित करे।

## रामनवमीं पर भव्य शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ नगर सजावट व जीवंत झांकियां होंगी आकर्षण, धार्मिक आयोजन की तैयारी पूरी

श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर श्री रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति चांपा द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है।

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार भव्य शोभायात्रा शुक्रवार 27 मार्च को शाम 4 बजे निकाली जाएगी। शोभायात्रा का प्रारंभ रेलवे टैक्सी स्टैंड, पलटन बाबा मंदिर से होगा। जो बरपाली चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, सदर बाजार एवं कदम चौक होते हुए नगर भ्रमण कर परशुराम चौक हनुमान मंदिर पहुंचेगा। महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी रखी गई है। सायं 5 बजे से भजन संध्या, सायं 6 बजे से दीपदान तथा सायं 7 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के बैठने हेतु अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर विशेष आकर्षण के रूप में जीवंत झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें बाहुबली बजरंगबली (रौद्र रूप), भोलेनाथ (रौद्र रूप), नवमुखी काली मां, रामदरबार, अयोध्या की रामलीला सहित अनेक सुंदर झांकियां शामिल रहेंगी। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों के सामने दीपक जलाकर एवं रंगोली सजाकर इस पावन पर्व की शोभा बढ़ाएं। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा एवं दीपदान कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।



### भव्य शोभायात्रा को लेकर नगर हुआ भगवामय

नगर में श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। नगर के सभी रामभक्तों ने मिलकर पूरे शहर को भगवा तोरणों और झंडों से आकर्षक रूप से सजाया है। मुख्य मार्गों से लेकर हर गली-मोहल्ले, चौक-चौराहों और खंभों तक भगवामय वातावरण नजर आ रहा है। शोभायात्रा की भव्यता को देखते हुए नगर में धार्मिक उल्लास और आस्था का माहौल बन गया है। सजावट, झांकियां और रामभक्ति से ओतप्रोत वातावरण इस शोभायात्रा को विशेष और आकर्षक बनाने वाला है। नगरवासी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ इस आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने नगर सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में निकलने वाली इस भव्य शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म और आस्था के इस पर्व को सफल बनाएं। समिति ने सभी से आयोजन के दौरान शांति, अनुशासन और आपसी सौहार्द बनाए रखने का भी आग्रह किया है।

## आर्थिक सहायता राशि भूमिहीन मजदूरों के रोजमर्रा की जरूरतों में होगी सहायक : पांडेय

**जांजगीर-चांपा।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार जिले के पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समारोह में शामिल होकर 4,95 हजार से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के बैंक खातों में करीब 495.96 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे ट्रांसफर की गई है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कहा कि भूमिहीन कृषि मजदूरों को राशि वितरण योजना उनके आत्मबल बढ़ाने वाला और सम्बल प्रदान करने वाला है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार के इस कदम से कृषि जगत के भूमिहीन श्रमिकों को प्रतिवर्ष 10 हजार की आर्थिक सहायता दी जाती है, जिसका उद्देश्य इन परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना से भूमिहीन मजदूरों को सीधा आर्थिक समर्थन मिलेगा और उनकी रोजमर्रा की जरूरतों में सहायता होगी।



## पार्टी की विचारधारा को आत्मसात कर समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

■ तेंदुआ धाम कुरियारी में भाजपा शिवरीनारायण मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत शिवरीनारायण मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 22 एवं 23 मार्च को राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुआ धाम (कुरियारी) में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में कुल 8 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न विषयों पर आमंत्रित 7 अनुभवी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, कार्यशैली एवं रीति-नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के तरीकों की जानकारी भी दी। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बताया गया कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर पर सक्रियता से आती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसंपर्क बढ़ाना चाहिए प्रशिक्षण वर्ग में यह भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि एक सशक्त संगठन के लिए अनुशासन, समर्पण, निष्ठा और निरंतर सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को आत्मसात कर समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं और संगठन के विस्तार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में जिले एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने पूरे अनुशासन और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया। अंत में शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला (बाबू) ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को जानकारी देते अतिथि।

## क्षय रोग राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में गंभीर चुनौती : डॉ. पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्हीएलसीटीपीपी की ओर से दिए गए पोषक आहार किट

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट की ओर से सक्ती के क्षय रोग से पीड़ित 50 मरीजों को पोषण आहार प्रदान किए गए। जेठा स्थित कलेक्टर कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने जिला प्रशासन, व्हीएलसीटीपीपी एवं राज्य क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अधिकारियों की उपस्थिति में क्षय रोग पीड़ितों को पोषण आहार किट प्रदान किए।

वर्तमान में सक्ती जिले में टीबी के लगभग 250 रोगी हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चिह्नित रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्राथमिकता के आधार पर पोषण संबंधी मदद दी जा रही है। वेदांता पावर के सामुदायिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम 'आरोग्य' के अंतर्गत अत्याधिक जरूरतमंद रोगियों को प्रतिमाह पोषण किट दिए जाएंगे। पोषाहार वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल, स्टेट पीएमटीबीएम कंसल्टेंट दीक्षा पुरी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. संत राम सिदार, जिला कार्यक्रम समन्वयक विनोद राठौर और वेदांता पावर सेक्टर की सीएसआर प्रमुख कृतिका भट्ट उपस्थित थीं। व्हीएलसीटीपीपी के सहयोग की सराहना करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने कहा कि ''क्षय रोग राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में गंभीर चुनौती बना हुआ है। उपचार और पोषण संबंधी कमियों को दूर करने में कॉर्पोरेट की भागीदारी अहम है। निक्षय मित्र के रूप में व्हीएलसीटीपीपी के योगदान से जरूरतमंद रोगियों को मदद मिल रही है। वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत बनाने के विजन के अनुरूप वेदांता पावर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। टीबी की चुनौती से निपटने के लिए सरकारों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, उद्योगों और समुदायों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। 50 रोगियों को छह महीने की पोषण सहायता प्रदान कर हमारा लक्ष्य उपचार के परिणामों को बेहतर बनाना तथा उन्हें स्वस्थ व मजबूत जीवन जीने में मदद करना है। व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन के समन्वयन में काम करने हेतु व्हीएलसीटीपीपी तत्पर हैं। उनका प्रयास टीबी के मरीजों को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनने में मदद करना है ताकि वे मुख्य धारा से जुड़कर देश के उत्तरोत्तर विकास में योगदान कर सकें।




कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं व्हीएलसीटीपीपी के सदस्य।

